बधाई खाटू वाले को

खाटू वाले के जन्म दिवस की,
सबने खुशी मनाई है,
चारों तरफ से देवी देवता,
देने लगे बधाई हैं,
खाटू वाले के जन्म दिवस की,
सबने खुशी मनाई है,
चारों तरफ से देवी देवता,
देने लगे बधाई हैं......

श्याम बाबा के दर पे भक्तों
भीड़ लगी अति भारी है,
श्याम बाबा के जन्म दिवस की,
चल रही तैयारी है,
दूर दूर से भक्त हैं आये,
देने तुम्हें बधाई हैं,
चारों तरफ से देवी देवता,
देने लगे बधाई हैं.......

जो तेरे दर पे हार के आया,
तुने अपनी शरण में लिया,
जिसकी डूब रही थी नैया,
तुने उसको पार किया,
सारे जगत की नैया को बाबा,
तुमने पार लगाई है,
चारों तरफ से देवी देवता,
देने लगे बधाई हैं.......

तेरा 'सुभाष' निशान को लेकर,
दर पे तेरे आया है,
बिगड़ी उसकी पार करेगा,
ये विश्वास वो लाया है,
खाटू तेरा जगमग चमके,
जग दिवाली आई है,
चारों तरफ से देवी देवता,
देने लगे बधाई हैं.......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/30070/title/badhayi-khatu-wale-ko

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |